# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23
## HINDI CORE

**Time - 7:15 AM to 10:20 AM** **Class - XII** **M.M. : 80**

**Date – 07.09.2022 (Wednesday)**

**Name of the student** ______________________________ **Section** _____

| निर्देश : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । | (2) प्रश्नों के उत्तर क्रमशः खंडानुसार दीजिये । |
|---|---|

### खंड-अ

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिये एवं पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिये -**

परिश्रम कल्पवृक्ष है। जीवन की कोई भी अभिलाषा परिश्रम रूपी कल्पवृक्ष से पूर्ण हो सकती है। परिश्रम जीवन का आधार है, उज्ज्वल भविष्य का जनक और सफलता की कुंजी है। सृष्टि के आदि से वर्तमान काल तक विकसित सभ्यता और सर्वत्र उन्नति परिश्रम का परिणाम है। आज से लगभग पचास साल पहले कौन कल्पना कर सकता था कि मनुष्य एक दिन चाँद पर कदम रखेगा या अंतरिक्ष में विचरण करेगा पर निरंतर श्रम की बदौलत मनुष्य ने उन कल्पनाओं एवं संभावनाओं को साकार कर दिखाया है। मात्र हाथ पर हाथ घरकर बैठे रहने से कदापि संभव नहीं होता। किसी देश, राष्ट्र अथवा जाति को उस देश के भौतिक संसाधन तब तक समृद्ध नहीं बना सकते जब तक कि वहाँ के निवासी उन संसाधनों का दोहन करने के लिए अथक परिश्रम नहीं करते। किसी भू-भाग की मिट्टी कितनी भी उपजाऊ क्यों न हो, जब तक विधिवत परिश्रमपूर्वक उसमें जुताई, बुआई, सिंचाई, निराई-गुड़ाई नहीं होगी, अच्छी फसल प्राप्त नहीं हो सकती। किसी किसान को कृषि संबंधी अत्याधुनिक कितनी ही सुविधाएं उपलब्ध करा दीजिए, यदि उसके उपयोग में लाने के लिए समुचित श्रम नहीं होगा, उत्पादन क्षमता में वृद्धि संभव नहीं है। परिश्रम से रेगिस्तान भी अन्न उगलने लगते हैं । हमारे देश की स्वतंत्रता के पश्चात हमारी प्रगति की द्रुतगति भी हमारे श्रम का ही फल है। भाखड़ा नांगल का विशाल बाँध हो या श्री हरिकोटा के रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र, हरित क्रांति की सफलता हो या कोविड 19 की रोकथाम के लिए टीका तैयार करना, प्रत्येक सफलता हमारे श्रम का परिणाम है तथा प्रमाण भी है।

जीवन में सुख की अभिलाषा सभी को रहती है। बिना श्रम किए भौतिक साधनों को जुटाकर जो सुख प्राप्त करने के फेर में है, वह अंधकार में है। उसे वास्तविक और स्थायी शांति नहीं मिलती। गांधीजी तो कहते थे कि जो बिना श्रम किए भोजन ग्रहण करता है, वह चोरी का अन्न खाता है। ऐसी सफलता मन को शांति देने के बजाए उसे व्यथित करेगी। परिश्रम से दूर रहकर और सुखमय जीवन व्यतीत करने वाले विद्यार्थी को ज्ञान कैसे प्राप्त होगा? हवाई किले तो सहज ही बन जाते हैं, लेकिन वे हवा के हल्के झोंके से ढह जाते हैं। मन में मधुर कल्पनाओं के संजोने मात्र से किसी कार्य की सिद्धि नहीं होती। कार्य सिद्धि के लिए उद्यम और सतत उद्यम आवश्यक है।

तुलसीदास ने सत्य ही कहा है- सकल पदारथ है जग माहीं , करम हीन नर पावत नाहीं ।।

अर्थात इस दुनिया में सारी चीजें हासिल की जा सकती हैं लेकिन वे कर्महीन व्यक्ति को कभी नहीं मिलती हैं। अगर आप भविष्य में सफलता की फसल काटना चाहते हैं, तो आपको उसके लिए बीज आज ही बोने होंगे । आज बीज नहीं बोयेंगे, तो भविष्य में फ़सल काटने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? पूरा संसार कर्म और फल के सिद्धांत पर चलता है इसलिए कर्म की तरफ आगे बढ़ना होगा। यदि सही मायनों में सफल होना चाहते हैं तो कर्म में जुट जाएं और तब तक जुटे रहें जब तक कि सफल न हो जाएँ।

अपना एक-एक मिनट अपने लक्ष्य को समर्पित कर दें। काम में जुटने से आपको हर वस्तु मिलेगी जो आप पाना चाहते हैं-सफलता, सम्मान, धन, सुख या जो भी आप चाहते हों।

**निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर अति संक्षिप्त में दीजिये |** **1x10= 10**

(i) गद्यांश में परिश्रम को कल्पवृक्ष के समान क्यों बताया गया है ?

(ii) गद्यांश में अच्छी फ़सल प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ?

(iii) भारत में परिश्रम के प्रमाण क्या-क्या बताए गए हैं ?

(iv) कैसे व्यक्ति को अंधकार में बताया गया है ?

(v) कर्महीन व्यक्ति के लिए तुलसीदास जी क्या कहा है ?

(vi) किस अवस्था में प्राप्त सफलता मन को व्यथित करेगी ?

(vii) गद्यांश के आधार पर आप श्रम में नियोजित समय को सफलता से किस प्रकार जोड़कर देखते हैं? संक्षेप में लिखें ।

(viii) 'स्वतंत्रता' शब्द में उपसर्ग व प्रत्यय अलग कीजिये ?

(ix) 'समुचित शब्द का का विलोम अर्थ लिखिए ?

(x) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ?

**प्र.2 नीचे दो काव्यांश दिए गए हैं। किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.** **1x5=5**

शहर की इस भागती-दौड़ती ज़िन्दगी में
सुबह होते ही शुरू हो जाती है दौड़
हर कोई भाग रहा लेकर अपनी दुपहिया, तिपहिया
कोई कार में सवार तो कोई पैदल ही निकल पड़ा,
अपने गंतव्य की ओर |
चारों ओर हैं आवाजें कहीं मोटरों के हॉर्न की,
कहीं टेम्पो, रिक्शा और ठेलों की ठेलमठेल
कहीं ट्रकों की दूर तक लम्बी कतार
तो कहीं रेलगाड़ियों की तेजी का शोर ।
होती है उठा पटक बड़े-बड़े सामान की
कोई बँधा तो कोई खुला
कोई इस हाथ में तो कोई उस हाथ में
हर तरफ धुंध है चेहरे भी धुन्धलाए से
कोई इंतज़ार करता है अपनों का
तो कोई डूबा है बिछोह के गम में
कोई मुस्कराया है कि घर अपने आया है
इसी बीच कोई मिलता है तो कोई बिछुड़ता है
कोई रोता है तो कोई सिसकता है
कोई झिझकता है तो कोई ठिठकता है ।

i) प्रस्तुत कविता में जिस प्रकार की ज़िन्दगी का वर्णन किया गया है, वह कैसी है ?

ii) लोग अपने गंतव्य स्थल की ओर कैसे चले जा रहे हैं ?

iii) 'होती है उठापटक, छोटे बड़े सामान की''छोटे बड़े सामान' किसके प्रतीक हैं?

iv) कुछ लोगों के मुस्कुराने का क्या कारण हो सकता है?

v) 'इसी बीच कोई मिलता है तो कोई बिछुड़ता है' में 'मिलना' और 'बिछुड़ना' शब्दप्रतीक हैं

**अथवा**

मैंने हँसना सीखा है
मैं नहीं जानती रोना।
बरसा करता पल-पल पर
मेरे जीवन में सोना।

मैं अब तक जान न पाई
कैसी होती है पीड़ा?
हँस- हँस जीवन में
कैसे करती है चिंता क्रीड़ा?

जग है असार सुनती हूँ
मुझको सुख - सार दिखाता।
मेरी आँखों के आगे
सुख का सागर लहराता।

उत्साह,उमंग निरंतर
रहते मेरे जीवन में।
उल्लास विजय का हँसता
मेरे मतवाले मन में।

आशा आलोकित करती
मेरे जीवन को प्रतिक्षण।
हैं स्वर्ण-सूत्र से वलयित
मेरी असफलता के घन।

सुख भरे सुनहले बादल
रहते हैं मुझको घेरे।
विश्वास, प्रेम, साहस हैं
जीवन के साथी मेरे।।

i) 'बरसा करता पल-पल पर मेरे जीवन में सोना" पंक्ति में कवयित्री का सोना से क्या अभिप्राय है ?

ii) असफलता के बादलों को कवयित्री ने किससे घेरकर रखा है ?

iii) कवयित्री द्वारा विश्वास, प्रेम और साहस को अपना जीवन साथी बनाकर रखना क्या निष्कर्ष निकालता है ?

iv) 'मुझको सुख-सार दिखाता' कवयित्री को यह अनुभूति कब होती है?

v) कवयित्री असफलताओं को किस रूप में स्वीकार करती हैं ?

## खंड - ब 'अभिव्यक्ति एवं माध्यम'

**प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए-** 5

1. मुद्रण का आरंभ किस देश में हुआ ?

A. भारत B. जापान C. चीन D. इंग्लैण्ड

2 हिन्दी में नेट पत्रकारिता किसके साथ आरंभ हुई?

A. वैब दुनिया के साथ B. दैनिक जागरण के साथ

C. दैनिक भास्कर के साथ D. राजस्थान पत्रिका के साथ

3. आधुनिक युग में इंटरनेट पत्रकारिता का कौन-सा दौर चल रहा है?

A. द्वितीय B. तृतीय C. प्रथम D. चतुर्थ

4. समाचार पत्र प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए आखिरी समय सीमा को क्या कहा जाता है?

A. ब्लू लाइन B. ब्लैक लाइन C. रेड लाइन D. डेड लाइन

5 समाचार लेखन की प्रभावशाली शैली कौन सी है?

A. वर्णनात्मक शैली B. विवेचनात्मक शैली C. पिरामिड शैली D. उल्टा पिरामिड शैली

**पाठ्यपुस्तक - 'आरोह'**

**प्र.4 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्पों का चयन कीजिए** 5

हम पर्दे पर दिखलाएंगे ।
फूली हुई आंख की
एक बड़ी तस्वीर
बहुत बड़ी तस्वीर
और उसके होठों पर एक कसमसाहट
(आशा है आप उसे उसकी
अपंगता की पीड़ा मानेंगे )
एक और कोशिश
दर्शक
धीरज रखिये
देखिये
हमें दोनों एक संग रुलाने हैं
आप और वह दोनों
(कैमरा बस करो नहीं हुआ रहने दो परदे पर वक्त की कीमत है )
अब मुस्कुराएंगे हम

1. अपाहिज व्यक्ति की असमर्थता किसके माध्यम से अभिव्यक्त होती है?

A. मीडिया कर्मी के प्रश्नों को पूछने से B. होठों की कसमसाहट के द्वारा

D. शारीरिक विकारों के माध्यम से C. कार्य को ठीक से न कर पाने के माध्यम से

2. 'परदे पर वक्त की कीमत' है पंक्ति से क्या आशय है?

A. टेलीविजन पर समय का बहुत महत्त्व है? B. समय के अनुसार कार्य पूर्ण करना चाहिए

C. टेलीविजन में समय के अनुसार वेतन मिलता है. D. समय की कीमत सबसे अधिक होती है.

3. प्रस्तुतकर्ता के अनुसार  कार्यक्रम सफल कब माना जायेगा?

A. जब अपाहिज व्यक्ति का दुःख व्यक्त होगा

B. जब दर्शक उससे जुड़ जायेगा

C. जब अपाहिज व्यक्ति और दर्शक की मनः स्थिति एक जैसी हो जाएगी

D. जब प्रस्तुतकर्ता स्वयं अपाहिज के दर्द को समझेगा

4. अपाहिज की स्थिति का चित्रण करने वाले कार्यक्रम निर्माता का क्या उद्देश्य होता है

A. पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना

B. दुखी व पीड़ित व्यक्ति की व्यथा का वर्णन करना

C. कार्यक्रम की व्यावसायिक सफलता और लोकप्रियता

D. संवेदनहीन समाज का चित्रण करना

5. कार्यक्रम समाप्त होते ही उसकी सफलता पर प्रस्तुत कर्ता द्वारा मुस्कुराने को क्या कहा जा सकता है ?

A. अपाहिज व्यक्ति का मज़ाक उडाना  B. कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता की संवेदन शीलता

C. कार्यक्रम प्रस्तुत  कर्ता की संवेदन हीनता  D. कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता का शिष्टाचार

**प्र.5 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्पों का चयन कीजिए -**

उछलते- कूदते, एक- दूसरे को धकियाते ये लोग गली में किसी दुमहले मकान के सामने रुक जाते, "पानी दे मैया, इंदर सेना आई है" और जिन घरों में आखिर जेठ या शुरू आषाढ़ के उन सूखे दिनों में पानी की कमी भी होती थी, जिन घरों के कुएं भी सूखे होते थे, उन घरों से भी सहेजकर रखे हुए पानी में से बाल्टी या घड़े भर-भर कर इन बच्चों को सर से लेकर पैर तक तर कर दिया जाता था | ये भीगे बदन मिट्टी में लोट लगते थे, पानी फेंकने से पैदा हुए कीचड़ में लथपथ हो जाते थे | हाथ, पाँव, बदन, मुंह, पेट सब पर कीचड़ मल कर फिर हांक लगाते "बोल गंगा मैया की जय" और फिर मण्डली बांध कर उछालते-कूदते अगले घर की ओर चल पड़ते बादलों को टेरते "काले मेघा पानी दे"| उन लोगों के दो नाम थे - इंदर सेना या मेढक-मंडली | बिलकुल एक दूसरे के विपरीत | जो लोग उनके नग्नस्वरूप शरीर, उनकी उछल- कूद, उनके शोर- शराबे और उनके कारण होने वाले कीचड  कांदों से चिढ़ते थे, वे उन्हें कहते थे मेढक-मण्डली |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिये -** 5

1. इन्दर सेना किसी मकान के सामने क्यों रूक जाती थी

A. कार्यक्रम के लिए चंदा एकत्रित करने हेतु  B. लोगों को बिना वजह परेशान करने हेतु

C. लोगों से पानी मांगने हेतु  D. सांस्कृतिक पहचान हेतु

2. पानी की कमी होने पर भी इंदर सेना पर बाल्टी भर-भर कर पानी क्यों फेंका जाता था?

A. लोक मान्यताओं में विश्वास होने के कारण  B. पानी को बर्बाद करने के कारण

C. इंदर सेना को निराश करने के कारण  D. लेखक को दिखाने के कारण

3. इंदर सेना गंगा मैया की जय क्यों बोलती है?

A. गंगा नदी सभी नदियों में सर्वोपरि है

B. गंगा मैया को हमारे भारतीय जन-जीवन में विशेष आदर-सम्मान प्राप्त है

C. प्रत्येक शुभ कार्य करने से पहले गंगा मैया का स्मरण करने के लिए

D. गंगा का जल पवित्र जल का भंडार है

4. घरों में पानी संभालकर क्यों रखा जाता था?

A. पानी को इन्दर सेना पर फेंकने के लिए B. पानी की कमी न होने के कारण

C. सूखे के दिनों में पानी की कमी को दूर करने के लिए D. जानवरों व पशु-पक्षियों के लिए

5. बालकों के हाथ, पैर बदन तथा मुख सब किस कारण मिट्टी में लिपट जाते हैं

A. आंधी चलने के कारण B. धूप में घूमने के कारण

C. कीचड़ के कारण D. ग्रामीण परिवेश के कारण

**प्र.6 पाठ्यपुस्तक 'वितान' पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिये- 10**

1. यशोधर बाबू अपने बच्चों तथा पत्नी से क्या चाहते थे?

A. पैसा B. सम्मान C. परंपराओं का पालन D. मुक्ति

2. यशोधर बाबू सर्वप्रथम किस पद पर नियुक्त हुए?

A. बॉय सर्विस B. क्लर्क C. सहायक क्लर्क D. सेक्शन आफ़िसर

3. लेखक ने यशोधर बाबू को किशनदा का कौन-सा पुत्र कहा है?

A. मानस पुत्र B. दत्तक पुत्र C. नाजायज़ पुत्र D. पुत्र

4. यशोधर बाबू मूलतः कहाँ के रहने वाले थे?

A. दिल्ली के B. आगरा के C. कुमाऊँ के D. मेरठ के

5. 'सिल्वर वैडिंग' में गाउन पहनते समय यशोधर बाबू को कौन-सी बात चुभी?

A. पत्नी द्वारा उपेक्षा B. भूषण के व्यंग्य वचन C. केक काटना D. दूध लाने की बात

6. लेखक का दादा जल्दी कोल्हू क्यों चलाता था?

A. जल्दी काम खत्म करने के लिए B. अधिक पैसे के लिए

C. अपनी आवारागर्दी के लिए D. आराम करने के लिए

7. 'जूझ' उपन्यास मूलतः किस भाषा में रचित है?

A. मराठी B. गुजराती C. अवधी D. ब्रज

8. सौंदलगेकर किस विषय के अध्यापक थे

A. अंग्रेज़ी का B. गणित का C. मराठी का D. संस्कृत का

9. खेत का कौन-सा काम समाप्त होने के बाद लेखक ने माँ से पढ़ाई की बात की?

A. पानी लगाने का काम B. बिजाई का काम C. कटाई का काम D. कोल्हू का काम

10. लेखक के पिता का नाम क्या था?

A. रतनाप्पा B. कृष्णाप्पा C. रामाप्पा D. मोहनाप्पा

## खंड-स 'वर्णनात्मक प्रश्न'

## कार्यालयीन हिंदी और रचनात्मक लेखन

**प्र.7 निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- 6**

1. मीडिया का सामाजिक दायित्व
2. मेरा सपना
3. काम अधिक, बातें कम
4. युवाओं में बढ़ता आक्रोश

**प्र.8 निम्न लिखित प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों में दीजिये** **6**

(क) 'कहानी का नाट्य रूपांतरण' करते समय दृश्य विभाजन कैसे करते हैं.

**अथवा**

कहानी और नाटक में मुख्य अंतर को समझाते हुए कहानी के 'नाट्य रूपांतरण' में आने वाली समस्याओं का चित्रण कीजिये।

(ख) 'कहानी' और 'नाटक' एक ही सिक्के के दो पहलू हैं कैसे?

**अथवा**

'नाटक' और 'कहानी' के संवाद में क्या- क्या अंतर हो सकता है?

**प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए-** **8**

(क) 'उल्टा पिरामिड शैली' से क्या समझते हो समझाइए?

**अथवा**

'फीचर' के कौन कौन से गुण होते हैं ? स्पष्ट कीजिए

(ख) 'समाचार लेखन' में छः ककार कौन-कौन से होते हैं और ये क्यों आवश्यक हैं?

**अथवा**

'मुद्रित माध्यम' क्या है? इसकी दो खूबी तथा दो खामियाँ लिखो

**प्र.10 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-** **6**

(क) 'उषा' कविता में भोर के नभ की तुलना किस से की गयी है और क्यों ?

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालिये ।

(ग) 'भाषा को सहूलियत से बरतने' का क्या आशय है ?

**प्र.11 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए -** **4**

(क) कविता का खिलना फूलों के खिलने से श्रेष्ठ कैसे है?

(ख) 'पतंग' कविता में बच्चों की तुलना कपास से क्यों की गयी है? आपको यह कहाँ तक उचित लगता है ?

(ग) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' गीत के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

**प्र.12 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-** **6**

(क) लेखिका ने भक्तिन के 'सेवक धर्म' की तुलना किससे की है ?

(ख) 'खाली मन' से लेखक का क्या अभिप्राय है? वर्तमान सन्दर्भ में यह कहाँ तक सही है ?

(ग) लुट्टन सिंह और चाँद सिंह की कुश्ती में किसे समर्थन मिल रहा था और क्यों ?

**प्र.13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** **4**

(क) भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छिपाती थी?

(ख) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में पानी को प्राप्त करने के लिए जो तरीके अपनाये गए हैं उसे आप कहाँ तक सही मानते हो ?

(ग) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर बताइए कि लुट्टन सिंह ढोल को अपना गुरु क्यों मानता था ?

# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23
## HINDI CORE

Time – 3 Hours | Class - XII | M.M. : 80

Date – 16.09.2022 (Friday)

Name of the student ______________________ Section _____

निर्देश : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । (2) प्रश्नों के उत्तर क्रमशः खंडानुसार दीजिये ।

## खंड अ अपठित बोध (15 अंक)

**प्रश्न १. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

समय वह संपत्ति है, जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिला है । जो लोग इस धन को संचित रीति से बरतते हैं, वह शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते हैं । इसी समय-संपत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य सभ्य और देवता स्वरूप बन जाता है । इसी के द्वारा 'मूर्ख' विद्वान, 'निर्धन' धनवान और 'अज्ञ' अनुभवी बन सकता है । संतोष, हर्ष तथा सुख मनुष्य को तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक वह उचित रीति से समय का सदुपयोग नहीं करता है । समय निःसंदेह एक रत्न-राशि है, जो कोई उसे अपरिमित और अगणित रूप से व्यय करता है । वह दिन-प्रतिदिन अकिंचन, रिक्त-हस्त और दरिद्र होता है । वह आजीवन खिन्न रहता है और अपने भाग्य को कोसता रहता है । मृत्यु भी उसे इस जंजाल और दु;ख से छुड़ा नहीं सकती है ।

प्रत्युत उसके लिए मृत्यु का आगमन मानो अपराधी के लिए गिरफ़्तारी का वारंट है । सच तो यह है कि समय नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या है । अंतर केवल इतना ही है कि आत्मघात सर्वदा के लिए जीवन जंजाल से छुड़ा देता है, और समय के दुरुपयोग से एक निर्दिष्टकाल तक जीवन मृत्यु की दशा में बना रहता है । ऐसे ही मिनट, घंटे और दिन प्रमाद और अकर्मण्यता से बीतते जाते हैं । यदि मनुष्य विचार करें, गणना करें, तो उसकी संख्या महीनों तथा वर्षों तक पहुँच जाती है । यदि उससे कहा जाता है कि तेरी आयु के दस-पांच वर्ष घटा दिए गए, तो नि:संदेह उसके हृदय पर भारी आघात पहुंचता है, परंतु वह स्वयं निश्चेष्ट बैठे अपने जीवन मूल्य को नष्ट कर रहा है और क्षय एवं विनाश पर कुछ भी शक नहीं करता है ।

संसार में सब को दीर्घायु प्राप्त नहीं होती है, परंतु सब से बड़ी हानि जो समय की उपयोगिता एवं अकर्मण्यता से होती है वह यह है कि पुरुषार्थहीन और निरीह पुरुष के विचार अपवित्र और दूषित हो जाते हैं । वास्तव में बात तो यह है कि मनुष्य कुछ-न-कुछ करने के लिए ही बनाया गया है । जब चित्त और मन लाभदायक कर्म में नहीं लगते तब उनका झुका व बुराई और पाप की ओर अवश्य हो जाता है । इस हेतु यदि मनुष्य सचमुच ही मनुष्य बनना चाहता है तो सब कर्मों से बढ़कर श्रेष्ठ कार्य उसके लिए यह है कि वह एक पल भी व्यर्थ ना गँवाए । प्रत्येक कार्य के लिए पृथक समय और प्रत्येक समय के लिए पृथक कार्य निश्चित करें ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए-** (1×10=10)

क) मनुष्य को वास्तविक अर्थ में मनुष्य बनाने के लिए क्या करना चाहिए ?

ख) समय के सदुपयोग से क्या लाभ होता है?

ग) संतोष, हर्ष और सुख मनुष्य को कैसे प्राप्त होते हैं ?

घ) मनुष्य निर्दिष्टकाल तक जीवन मृत्यु की दशा में क्यों बना रहता है?

ङ.) "यदि मनुष्य विचार करे, गणना करे, तो उसकी संख्या महीनों तथा वर्षों तक पहुंचती है" वाक्य में 'उसकी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

च) शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद की प्राप्ति किस प्रकार संभव है?

छ) अकर्मण्यता के कारण मनुष्य के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ज) मनुष्य का झुका व बुराई और पाप की ओर होने से क्या कारण है?

झ) गद्यांश के अनुसार सर्वदा के लिए जीवन-जंजाल से कौन छुड़ा देता है?

ञ) प्रस्तुत गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है ?

प्रश्न २. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए -

मानो, जनता है फूल जिसे एहसास नहीं,
जब चाहो तभी उतार सजा लो दोनों में;
अथवा कोई दुधमुँही जिसे बहलाने के
जंतर-मंतर सीमित हों चार खिलौनों में ।
लेकिन होता भूडोल, बवंडर उठते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है ;
दोराह, समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है ।
हुँकारों से महलों की नींव उखड़ जाती है ।
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है,
जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ ?
वह जिधर चाहती,काल उधर ही मुड़ता है ।
अब्दों,शताब्दियों सहस्त्राब्द का अंधकार
बीता; गवाक्ष अंबर के दहके जाते हैं
यह और नहीं कोई,जनता के स्वप्न अजय
चीरते तिमिर का वक्ष उमड़ते जाते हैं ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए-** (5x1=5)

क) जनता की तुलना फूल से क्यों की गई है?

ख) जनता के क्रोध का क्या परिणाम होता है?

ग) कवि किसे चेतावनी दे रहा है?

घ) जनता का मार्ग रोकने की हिम्मत किसमें नहीं है?

ड.) शताब्दियों से फैला अंधकार किस प्रकार दूर हो रहा है ?

अथवा

है शौक यही अरमान यही,
हम कुछ कर के दिखलाएंगे ।
मरने वाली दुनिया में हम,
अमरों में नाम लिखाएँगे ।
जो लोग गरीब भिखारी हैं,
जिन पर न किसी की छाया है ।
हम उनको गले लगाएँगे
हम उनको सुखी बनाएँगे
जो लोग अंधेरे घर में हैं
अपनी ही नहीं नज़र में हैं
हम उनके कोने-कोने में,
उद्यम का दीप जलाएँगे ।

जो लोग हारकर बैठे हैं,
उम्मीद मारकर बैठे हैं।
हम उनके बुझे दिमागों में
फिर से उत्साह जगाएँगे।
रोको मत आगे बढ़ने दो
आज़ादी के दीवाने हैं।
हम मातृभूमि की सेवा में,
अपना सर्वस्व लगाएँगे।
हम उन वीरों के बच्चे हैं,
जो धुन के पक्के सच्चे थे।
हम उनका मान बढाएँगे,
हम जग में नाम कमाएँगे।।

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए-** (5x1=5)

क). पद्यांश में किन लोगों को सुखी करने का संकल्प लिया गया है?

ख). कवि किन लोगों में पुनः उत्साह जगाना चाहता है?

ग). कवि मातृभूमि की सेवा किस प्रकार करना चाहता है ?

घ). पद्यांश में 'हम' शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है?

ड.). कवि की क्या अभिलाषा है?

## खंड – ब (अभिव्यक्ति एवं माध्यम)

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -** (5x1=5)

क). 'ऑप एड' पृष्ठ में क्या छपता है?

(i) विचार परक् लेख (ii) पाठकों के पत्र (iii) सम्पादकीय (iv) उपरोक्त सभी

ख). टेलीविज़न में शब्द किसके अनुसार चलते हैं ?

(i) समाचार के अनुसार (ii) एंकर के अनुसार (iii) रिपोर्टर के अनुसार (iv) दृश्यों के अनुसार

ग). एंकर बाइट किससे संबंधित है ?

(i) रेडियो (ii) इंटरनेट (iii) प्रिंटमीडिया (iv) टेलीविजन

घ). डेस्क क्या होती है?

(i) जहाँ संपादन का कार्य होताहै (ii) जहाँ अखबार छप के रखा जाता है

(iii) जहाँ पर पत्रकारों को वेतन प्राप्त होता है (iv) उपरोक्त कोई नहीं

ड.). विलोमस्तूपी पद्धति में 'क्लाइमेक्स' कहाँ लिखा जाता है?

(i) सबसे ऊपर (ii) बीच में (iii) सबसे नीचे (iv) कहीं पर भी

च). निम्न में से क्या पत्रकारिता का क्षेत्र नहीं है?

(i) आत्मनिर्भर (ii) फ्रीलांसर (iii) अंशकालिक (iv) पूर्णकालिक

**प्रश्न ४. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्पों का चयन कीजिए-** (5x1=5)

छतों के खतरनाक किनारों तक,
उस समय गिरने से बचाता है उन्हें
सिर्फ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत
पतंगों की धड़कती ऊँचाइयाँ उन्हें थाम लेती हैं
महज,एक धागे के सहारे
पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे.

क). पतंग उड़ाते हुए बच्चे कहाँ से गिर जाते हैं ?

(i) सड़क से (ii) साइकिल से (iii) झूले से (iv) छतों से

ख). बच्चे गिरने तथा बच जाने के बाद कैसे बन जाते हैं?

(i) कायर (ii) निडर (iii) झगड़ालु (iv) सहनशील

ग). 'बेचैन पैरों' के माध्यम से क्या व्यक्त किया गया है ?

(i) निराशा (ii) गतिशीलता (iii) असमर्थता (iv) अकेले का भाव

घ). स्वर्णिम प्रकाश वाले सूर्य के सामने कौन आता है?

(i) धरती (ii) आकाश (iii) निडर बच्चे (iv) कवि

ङ.). इस काव्यांश के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

(i) अपनेआगे बच्चे किसी की नहीं सुनते
(ii) बच्चों में सहनशीलता की कमी होती है
(iii) बच्चे आवेश में आकर गलत निर्णय करते हैं
(iv) बच्चों में उत्साह की कमी कभी नहीं होती

**प्रश्न ५. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए-**

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक-स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई सेवक स्वामी नहीं हो सकता है जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे । भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है जितना अपने घर में बारी- बारी से आने जाने वाले अंधेरे – उजाले और आंगन में खिलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना । वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दुख देते हैं,उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए है ।

**निम्नलिखित पांच प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए-** (5x1=5)

क). गद्यांश में लेखिका और भक्तिन के बीच किसके संबंध की बात की गई है?

(i) सेवक-स्वामी (ii) गुरु-शिष्य (iii) राजा-रंक (iv) अमीर-गरीब

ख). लेखिका ने किस बात को असंगत माना है ?

(i) भक्तिन द्वारा आदेश का पालन न करना
(ii) भक्तिन को नौकर कहना
(iii) भक्तिन का मूर्ख होना
(iv) भक्तिन की कार्यपद्धति

ग). प्रकाश और अंधकार का उदाहरण क्यों दिया गया है?

(i) दिन और रात में अंतर बताने के लिए
(ii) अच्छाई और बुराई का अंतर बताने के लिए
(iii) भक्तिन एवं महादेवी के संबंधों की तुलना करने के लिए
(iv) उपरोक्त सभी

घ). लेखिका और भक्तिन के संबंधों की क्या विशेषता है ?

(i) ईर्ष्या-द्वेष (ii) जातिगत भेदभाव (iii) आत्मीयता (iv) अकेलापन

ङ.). लेखिका के व्यक्तित्व के कई अनछुए आयाम किसके कारण से प्रकट होते गए ?

(i) उच्च साहित्यकार होने के कारण (ii) विशिष्ट रचना साहित्य के कारण

(iii) अध्ययनशील प्रवृत्ति के कारण (iv) भक्तिन के कारण

**प्रश्न ६. पाठ्यपुस्तक 'वितान' पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिये –**

(1x10=10)

क) यशोधर बाबू अपने कार्यालय में किस पद पर कार्यरत थे ?

(i) चपरासी (ii) सेक्शन अफसर (iii) सेक्रेटरी (iv) क्लर्क

ख) यशोधर बाबू के आदर्श पुरुष कौन थे ?

(i) किशनदा (ii) चड्ढा बाबू (iii) कुमायूँनी ब्राह्मण (iv) उपरोक्त कोई नहीं

ग) यशोधर ने केक न खाने के लिए क्या तर्क दिया ?

(i) स्वाद पसंद नहीं (ii) बच्चों के खाने की चीज़ है (iii) उन्हें शुगर की बीमारी है (iv) उसमें अंडा होता है

घ) यशोधर के बेटे ने उनकी सिल्वर वेडिंग पर क्या भेंट दी?

(i) हाथ घड़ी (ii) जूते (iii) ऊनी गाउन (iv) स्कूटर

ङ.) यशोधर बाबू कौन सा त्योहार नियम से मनाते थे?

(i) जन्यो पून्यू (ii) दीपावली (iii) नवरात्रि (iv) उपरोक्त सभी

च) 'जूझ' कहानी का कथा-नायक कौन है ?

(i) दत्ताजी राव (ii) विठोबा अन्ना (iii) आनंदा (iv) सौंदलगेकर

छ) जूझ कहानी में लेखक का पिता उसे पढ़ने से क्यों रोकना चाहता था?

(i) ताकि वह खेती के कार्यों में लगा रहे (ii) ताकि ज्यादा पैसे खर्च न हों

(iii) पिता को पढ़ना-लिखना पसंद नहीं था (iv) लेखक हमेशा फेल होता था

ज) आनंदा की माँ को किस जानवर से ज्यादा नफ़रत थी ?

(i) कुत्ता (ii) सूअर (iii) चूहा (iv) गधा

झ) आनंदा के दादा दिनभरकहाँ गुजार देते थे ?

(i) बाज़ार में (ii) शराब के अड्डे पर (iii) रखमाबाई के कोठे पर (iv) खेती के काम में

ञ) आनंदा की कक्षा का शरारती लड़का कौन था?

(i) बिठोबा (ii) चह्वाण (iii) बसंत पाटिल (iv) दत्ता राव

## खंड- 'वर्णनात्मक प्रश्न'

### कार्यालयीन हिंदी और रचनात्मक लेखन

प्रश्न७. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- (6)

(क).जीवन की किसी मधुर स्मृति का वर्णन (ख). यातायात के अवरोध में फंसने की गाथा

(ग). माता-पिता के प्रति आपका चिंतन (घ). एक घटना जिससे आपको अमूल्य शिक्षा मिली हो

प्रश्न ८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- (6)

(क) कहानी और नाटक के प्रस्तुतीकरण में क्या असमानताएं है?

अथवा

कहानी का नाट्य रूपांतरण करते हुए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

(ख) नाटक और कहानी के संवाद में क्या क्या अंतर हो सकता है?

अथवा

नाट्य रूपांतरण करने में क्या समस्याएं खड़ी होती हैं?

प्रश्न ९. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए- (8)

(क) 'वन्य जीव संरक्षण' पर आलेख लिखिए।

अथवा

'लॉकडाउन के बाद बढ़ी महँगाई' विषय पर आलेख लिखिए।

(ख) समाचार लेखन की उल्टा पिरामिड शैली पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

मुद्रित माध्यम क्या है? इसके दो गुण तथा दो दोष लिखिए।

प्रश्न १०. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- (6)

(क). 'कैमरे में बंद अपाहिज़' कविता में अपाहिज़ से पूछे गए प्रश्न क्या परिचय देते हैं?

(ख). 'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील शब्द - चित्र है – सोदाहरण प्रतिपादित कीजिए।

(ग). 'आत्मपरिचय' कविता में कवि ने अपने व्यक्तित्व के किन पक्षों को उभारा है?

प्रश्न ११. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- (4)

(क). चिड़िया के बच्चे किस बात की प्रत्याशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे?

(ख). पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं- बच्चों का उड़ान से कैसा सम्बन्ध बनता है?

(ग). कविता और बच्चे को समानांतर रखने के क्या कारण हो सकते हैं?

प्रश्न १२. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- (6)

(क). इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती है? नदियों का भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश में क्या महत्त्व है?

(ख). 'बाजारूपन' से तात्पर्य है? किस प्रकार के व्यक्ति बाज़ार को सार्थकता प्रदान करते हैं?

(ग). महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था?

प्रश्न १३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- (4)

(क). भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी? भक्तिन नाम किसने और क्यों दिया होगा?

(ख). बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या असर पड़ता है?

(ग). 'पहलवान की ढोलक' कहानी के प्रारम्भ में प्राकृतिक वातावरण का चित्रण किस प्रकार किया गया है?